BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 14 दिसम्बर, 2024 **थाना सिकन्द्राबाद**

शोरुम में चोरी करने वाले 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 17 मोबाइल बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 09.12.2024 को वादी श्री तरुण गर्ग निवासी मौ0 कबाड़ी बाजार थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ने थाना सिकन्द्राबाद पर तहरीर दी कि उनका न्यू महालक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से जीटी रोड पर शोरुम स्थित है। दिनांक 08/09-12-2024 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा शोरुम के अन्दर घुसकर काफी संख्या में मोबाइल व डीवीआर चोरी कर लिये है। इस सम्बन्ध मे थाना सिकन्द्राबाद पर मुअस 1047/24 धारा 305(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

उक्त के क्रम में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा प्रकाश में आये दो शातिर चोरो को आज दिनांक 14.12.2024 को चोरी किये गये 17 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत अभियोग में धारा 331(4),317(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. मुस्तकीम पुत्र मुस्ताक निवासी मौ0 कायस्थवाडा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. आसिफ पुत्र सईद निवासी मौ0 चौधरीवाडा पल्लेदारान कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 17 मोबाइल (चोरी किये गये)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री रविरतन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. निरीक्षक श्री सरजेश कुमार
3. उ0नि0 शिवम कुमार, उ0नि0 कपिल बालियान
4. का0 रविन्द्र प्रताप सिंह, का0 राहुल कसाना, का0 उमेश कुमार

मीडिया सेल, बुलंदशहर